दिन– रविवार दिनांक– 17/08/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

निर्वाचन आयोग आज राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर अद्यतन जानकारी प्रेस से साझा करेगा। आज शाम नई दिल्ली में आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई गई है। इससे पूर्व चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतदाता–सूची पूरी पारदर्शिता के साथ, स्थापित कानून–कायदों का पालन कर तैयार की जाती है। आयोग ने कहा कि मतदाता–सूची तैयार करते समय हर चरण में राजनीतिक दलों को शामिल किया गया था। इधर, आयोग ने पिछले चुनावों की मतदाता सूचियों में कथित कमियों का मुद्दा उठाए जाने की आलोचना की है। आयोग ने कहा कि मतदाता–सूची से जुड़ा कोई भी मुद्दा दावा और आपत्ति अवधि के दौरान उठाया गया होता, तो उनकी जाँच की जा सकती थी।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज सासाराम से मतदाता अधिकार यात्रा की शुरुआत कर रहे हैं। सोलह दिन तक चलने वाली यह यात्रा राज्य के पच्चीस जिलों से होकर गुजरेगी। यात्रा में राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव सहित महागठबंधन के कई वरिष्ठ नेता भाग ले रहे हैं। कांग्रेस सासंद अखिलेश प्रसाद सिंह ने बताया है कि यात्रा का उद्देश्य एसआईआर में गड़बड़ी को जनता के सामने लाना है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि इस समय सासाराम के सुअरा हवाई अड्डा मैदान में महागठबंधन की जनसभा आयोजित की गई है। जनसभा को राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद सहित गठबंधन मे शामिल कई बड़े नेता संबोधित करेंगें।

---

इधर, एनडीए नेताओं ने राहुल गांधी की यात्रा को लोगों को गुमराह करने वाली यात्रा बताया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी

की वोट बचाओ यात्रा से आम मतदाताओं का कोई सरोकार नहीं है। वहीं, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने विपक्ष के मतदाता अधिकार यात्रा पर कहा कि विपक्ष तुष्टीकरण की राजनीति कर रहा है। श्री मांझी ने कहा कि क्या यात्रा के दौरान महागठबंधन के नेता घुसपैठियों को मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए प्रचार–प्रसार करेंगें।

——————————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी संसदीय समिति की आज शाम नई दिल्ली में बैठक होगी। पार्टी मुख्यालय में आयोजित बैठक में उप–राष्ट्रपति चुनाव क लिए प्रत्याशी के नाम पर चर्चा की जायेगी। गौरतलब है कि एनडीए के नेताओं ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को उप–राष्ट्रपति का उम्मीदवार चुनने के लिए अधिकृत किया है। उप–राष्ट्रपति चुनाव के लिए इक्कीस अगस्त तक नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं। चुनाव नौ सितम्बर को होगा। यह चुनाव जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के कारण हो रहा है।

——————————————————————————————

राज्य के विभिन्न भागों में मॉनसून की सक्रियता धीमी पड़ गई है। इसके कारण लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में बैकुंठपुर में सबसे अधिक उनतीस दशमलव छह मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज मधुबनी, शिवहर, सीतामढ़ी, भागलपुर, बांका, गया, औरंगाबाद समेत राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व और दक्षिण पश्चिम भागों में कई स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा चलने की संभावना है। विभाग ने कहा है कि बीस अगस्त से एक बार फिर मानसून के सक्रिय होने की परिस्थितियां बन रही है।

——————————————————————————————

दिल्ली में कन्सट्यूशन क्लब का चुनाव जीतने के बाद पटना पहुंचे भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूड़ी का समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया।

---

पूर्व सांसद राम कृपाल यादव ने आज दानापुर के जलजमाव वाले क्षेत्र कोथवा, लेखानगर, गोलारोड समेत विभिन्न इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित लोगों से बातचीत की और समस्या के निदान का भरोसा दिया।

---

अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत खरहट पंचायत में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में एक महिला समेत छह लोग घायल हो गए। इनमें चार की स्थिति गंभीर है।

---

समस्तीपुर के ताजपुर रोड स्थित मनोकामना मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर पर देर रात पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

---

समाप्त